# बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड,
(बिहार सरकार का एक प्रतिष्ठान)
## वरीय परियोजना अभियंता का कार्यालय
## कार्य प्रमंडल, कटिहार

वेबसाईटः–http://www.brpnnl.bihar.gov.in ईमेल- spe-katihar@brpnn.co.in

## ।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट **www. eproc2.bihar.gov.in** पर)

निविदा संख्या– 980 दिनांक– 12-09-2023

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड/केन्द्रीय/राज्य सरकार/एम.ई.एस./सी.पी.डब्लू.डी./सार्वजनिक क्षेत्र के समुचित श्रेणी में निबंधित संवदेकों से **SBD** आधारित ई–निविदा प्रक्रिया के माध्यम से दो बीड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) अन्तर्गत निम्नलिखित पुल–सह–पहुँच पथ निर्माण हेतु **प्रतिशत दर (Percentage Rate) प्रस्ताव** आमंत्रित किये जाते हैं। यदि संवेदक बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड में पूर्व से निबंधित नहीं है, तब एकरारनामा के पूर्व उन्हें निगम में निबंधन कराना अनिवार्य होगा।

| क्र॰ | जिला | कार्य का विवरण | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Online Payment) (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | अग्रधन की राशि (लाख रू० में) | Bid Processing Fee (Online Payment) ( रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कटिहार | कटिहार जिलान्तर्गत बेलौरी बाजार–शिवगंज–सौनेली बाजार पथ के 24वें कि0मी0 में **(6x21.0M)** आकार के उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल एवं पहुँच पथ का निर्माण कार्य।<br>पुल का प्रकार–**Well Foundation**<br>पुल की लम्बाई–**129.60 Mtr.** | 1389.568 | 10,000.00 | 23.90 | 5,900.00 | 18 |

| Sl. No. | Activity | Duration |
|---|---|---|
| 1. | Download date of bid documents | From–04.10.2023 (10:00 Hrs.) to 16.10.2023 (15:00 Hrs.) (www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 2. | Pre-bid Meeting | 10.10.2023 at 15.00 Hrs. (Meeting Hall of BRPNNL 7, Sardar Patel Marg, Patna – 800015) |
| 3. | Last Date/Time for submission/ uploading of offer/Bid | 18.10.2023 upto 15:00 Hrs. (www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 4. | Last Date of Submission of bid security (BG) and Hard copies of documents in original. | 20.10.2023 upto 15:00 Hrs. at BRPNNL Office. |
| 5. | Date & time for opening of Technical Bid | 25.10.2023 at 15:30 Hrs. (www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 6. | Date, time and place of opening of Financial Bid | To be informed later to technically qualified bidders. (www.eproc2.bihar.gov.in) |

7. निविदा की वैद्य अवधिः–बीड समर्पित करने की अंतिम तिथि से 120 दिन तक वैद्य। अवधि समाप्त होने की स्थिति में निविदाकारों से निविदा की वैद्य अवधि बढ़ाये जाने की सहमति ली जा सकती है।

8. क्रमांक 2, 3, 4 एवं 5 (निविदा संबंधित तिथि) में किसी दिन अवकाश घोषित होने की स्थिति में अगला कार्य दिवस मान्य होगा तथा अलग से इसकी कोई सूचना नहीं दी जायेगी।

9. तकनीकी बीड में सफल संवेदकों का ही वित्तीय बीड सिर्फ वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर खोला जाएगा।

10. ई–टेन्डरिंग की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों को www.eproc2.bihar.gov.in पर पंजीकृत होना होगा। यह उन्हें वेबसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in) से डाउनलोड करने/ई–टेन्डर की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अनिवार्य है।

11. ई–निविदा पत्र, अन्य नियम एवं शर्त्तें वेबसाईट (**www.eproc2.bihar.gov.in**) से प्राप्त किया जा सकता है।

12. संवेदक द्वारा परिमाण विपत्र सिर्फ वेबसाईट से प्राप्त करने के उपरान्त वेबसाईट पर ही इलेक्ट्रानिक निविदा पत्र को भर कर अपलोड करना है। अन्य सभी महत्वपूर्ण कागजात परिमाण विपत्र का मूल्य/अग्रधन की राशि को स्कैन कर ई–निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। **इसकी Hard Copy (मूल में) दिनांक 20.10.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक वरीय परियोजना अभियंता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि०, कार्य प्रमंडल, कटिहार/उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल–2, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि०, पटना** में जमा करना अनिवार्य है।

13. किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा शुद्धि पत्र को वेबसाईट www.brpnnl.bihar.gov.in एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर प्रकाशित किया जायेगा।

14. दस करोड़ से अधिक प्राक्कलित राशि होने पर Joint Venture भी मान्य है।

15. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने वाले पदाधिकारी को बिना कारण बताए निविदा की तिथि विस्तार, स्थगित या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

16. ई–टेन्डरिंग की प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एवं पंजीकरण हेतु ई–प्रोक्योरमेंट 2.0 एम जंक्शन सर्विसेज लि0, आर0जे0 कम्पलेक्स, दूसरी मंजिल, केनरा बैंक कैम्पस, खाजपुरा आशियाना रोड, पी0एस0 शास्त्री नगर, पटना–800014, बिहार (दूरभाष सं0 18005726571) से सम्पर्क किया जा सकता है।

17. विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा वेबसाइट www.brpnnl.bihar.gov.in/ www.prdbihar.gov.in/ www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

18. निविदा Download/Upload की तिथि एवं समय पर Network Failure हेतु निगम की जिम्मेवारी नहीं होगी।

19. अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार सरकार, पटना के पत्रांक 29 दिनांक 25.01.2021 एवं अभियन्ता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग के पत्रांक 2033 (E) दिनांक 11.04.2022 द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में निविदा के माध्यम से सफल निविदाकार से एकरारनामा के पूर्व जिला पुलिस अधीक्षक से निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

**सम्पर्क पदाधिकारी का नामः–**

1. वरीय परियोजना अभियंता, मो॰नं॰–8544402464
2. लेखापाल/परियोजना अभियंता
   मो॰नं॰–9709049306/9431821624

12/09/2023

वरीय परियोजना अभियंता
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड
कार्य प्रमंडल, कटिहार।

*नियम एवं शर्तेः–*

1. कॉलम – 5 में अंकित परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा Online Payment जो **वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमण्डल–कटिहार, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड** के पदनाम से स्वीकार होगा।
2. निविदा/दर प्रस्ताव के साथ बीड प्रोसेसिंग शुल्क एवं अग्रधन की राशि को सूचना प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक–752, दिनांक–21.08.2022 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुसार निम्न रूप में संलग्न करना अनिवार्य हैः–

(i) कॉलम – 6 में अंकित अग्रधन की राशि के लिए Online Payment/शर्त्तरहित बैंक गारंटी बीड Validity पीरियड के 45 दिनों (120 दिन + 45 दिन =165 दिन तक वैध) जो किसी भी राष्ट्रीय/अनुसूचित भारतीय बैंक से निर्गत हो (बिहार राज्य के बाहर के बैंक से निर्गत की स्थिति में, एकरारनामा के पूर्व बिहार राज्य अंतर्गत किसी अनुसूचित बैंक में परिवर्तित कराना होगा) स्वीकार्य हागें (**प्रपत्र–Annxure-I**)।

(ii) As per Departmental letter no. 5651 (E) dated 19-08-2020, only Bank guarantee of Nationalized/Scheduled Bank will be accepted as earnest money (EMD) and the same would be verified online. There will be compulsory provision of bid encryption through pass phrase in eproc2.0 application.

The above instrument(s) shall be fully endorsed to the Senior Project Engineer, BRPNNL, Works Division, Katihar. Bank Guarantee should be valid for not less than 165 days from last date of uploading of tender document.

(iii) कॉलम–7 में अंकित बीड प्रोसेसिंग शुल्क Online Mode यानि Internet payment gateway (क्रेडिट/डेबिट कार्ड) नेट बैकिंग, एन॰ई॰एफ॰टी॰/आर॰टी॰पी॰एस॰ के माध्यम से भुगतान किया जाना अनिवार्य है।

(a) Bid Processing Fee is mandatory to be paid through online mode i.e. Internet payment gateway (Credit/Debit Card), Net banking, NEFT/RTGS.

(b) Bids along with necessary online payments must be submitted through e-Procurement portal www.eproc2.bihar.gov.in before the date and time specified in the NIT. The department doesn't take any responsibility for the delay/Non Submission of Tender/Non Reconciliation of online Payment caused due to Non-availability of Internet Connection, Network Traffic/Holidays or any other reason.

3. संवदेक को तकनीकी बीड में निम्न अर्हत्ता अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा तथा समस्त स्वहस्ताक्षरित प्रमाण पत्रों (सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) को स्कैन कर अपलोड (UPLOAD) करना होगा। e-proc2 पर uploaded कागजात के आधार पर ही निविदा का मूल्यांकन किया जायेगा। निविदा प्राप्ति के बाद कोई भी कागजात/प्रमाण –पत्र आदि स्वीकार्य अथवा विचार योग्य नहीं होगा।

(i) आयकर PAN & G.S.T. निबंधित होने का प्रमाण।

(ii) **Turn Over** :- विगत पाँच वित्तीय वर्षों (2018–19 to 2022–23) में से किसी एक वित्तीय वर्ष का Civil Construction work से संबंधित कार्य का, ऑडिटेड टर्न ओभर (A.T.O.) निविदित कार्य के प्राक्कलित राशि का कम से कम **50%** के समतुल्य होना अनिवार्य है। टर्न ओभर के साक्ष्य के रूप में Audited Profit & Loss Account एवं Civil Construction work से संबंधित शपथ पत्र (**प्रपत्र–Annxure-II**) Upload करना अनिवार्य है। ATO/PL Account की online जाँच हेतु UDI Number Upload किया जाय। The turn over will be indexed at the rate of 8% for a year.

(iii) संवेदक द्वारा Bid Amount का **25% प्रतिशत** (कम से कम) invest करने का शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य है, जिसमें निविदित कार्य का नाम अंकित होगा (**प्रपत्र–Annxure-III**)।

(iv) **Financial Resource/Liquid Assets:** - Financial Resource/Liquid Assets प्राक्कलित राशि के 10% के समतुल्य होना चाहिए। यह निविदा के साथ संलग्न प्रपत्र में संबंधित बैंकर से सत्यापित/निर्गत होना अनिवार्य है (**प्रपत्र–Annxure-IV**)।

(V) **Existing Commitment** :- निविदाकारों द्वारा सम्पादित किये जा रहे अन्य कार्यों के एकरारनामा की राशि, बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि तक सम्पादित किये गये कार्यों की राशि एवं सम्पादन हेतु अवशेष कार्यों की राशि की स्पष्ट विवरणी, कार्यवार दिये गये प्रपत्र में तैयार कर समर्पित करना अनिवार्य है। यदि उनके जिम्मे कोई कार्य नहीं भी है तो भी शून्य प्रतिवेदन करना अनिवार्य है (**प्रपत्र–Annxure-II**)।

(vi) निविदित कार्य के समरूप न्यूनतम एक कार्य (Minimum one similar work) जिसका न्यूनतम प्राक्कलित राशि निविदित कार्य के प्राक्कलित राशि का 10% हो, का क्रियान्वयन संवेदक द्वारा पूर्व में किया गया हो यह आवश्यक होगा (सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्था द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होगा)।

**नोटः–अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग के पत्रांक–2863 (S) दिनांक 07.06.2017 द्वारा दिये गये निदेश SBD के ITB की कंडिका 4.5 A (b) के तहत अनुभव प्रमाण पत्र के Cut off हेतु निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के पूर्व माह के अंतिम तिथि तक मान्य होगा।**

(vii) Power of Attorney (जिनके लिए लागू हो)।

(viii) विगत पांच वित्तीय वर्षों (2018–19 से 2022–23) के अन्दर, निविदित पुल के निम्नलिखित लंबाई के एक पुल को पूर्ण करने का अनुभव (सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्था द्वारा निर्गत) का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। यह आवश्यक नहीं है कि संबंधित पुल निर्माण का कार्य उक्त पांच वित्तीय वर्ष में ही आरंभ हुआ हो तथा Joint Venture के रूप में Lead Partner को हीं Bridge Length की अर्हता पूर्ण किया जाना आवश्यक होगा।

| क्र0सं0 | पूर्ण किये गये किसी एक ROB/Flyover/RCC Bridge की न्यूनतम लम्बाई | |
|---|---|---|
| 1 | RCC Bridge | 43.00 मीटर |

(ix) उपरोक्त निविदित आर0सी0सी सेतु परियोजना कार्य के लिए निम्नवार कार्य करने की अर्हत्ता (सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्था द्वारा निर्गत) अनिवार्य है। Joint Venture हेतु निविदा में अपलोडेड Agreement में Share Distribution की प्रतिशत्ता के अनुरूप अर्हता NIT के अनुसार कार्य मद की मात्रा एक वित्तीय वर्ष में ही होना चाहिए –

| क्र0 सं0 | कार्य मद | किये गये कार्य की मात्रा | किये गये कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | RCC Pile Work (1000/1200 mm dia.) | 276.00 M | विगत पांच वित्तीय वर्ष में से किसी एक वित्तीय वर्ष में होना अनिवार्य है। (वित्तीय वर्ष– 2018–19 से 2022–23) |
| | **Or** | | |
| | Well (6m/7m/8m dia and above) (1.0 m well sinking will be equivalent to 4.0m-1200/1000 mm piling) | 69.00 M | |
| 2 | Concrete Work (PCC/RCC/PQC/PSC) | 2527.00 $M^3$ | विगत पांच वित्तीय वर्ष में से किसी एक वित्तीय वर्ष में होना अनिवार्य है। (वित्तीय वर्ष– 2018–19 से 2022–23) |
| 3 | Earth Work | 4051.00 $M^3$ | विगत पांच वित्तीय वर्ष में से किसी एक वित्तीय वर्ष में होना अनिवार्य है। (वित्तीय वर्ष– 2018–19 से 2022–23) |
| 4 | Non-Bituminous Work (GSB/WMM) | 358.00 $M^3$ | विगत पांच वित्तीय वर्ष में से किसी एक वित्तीय वर्ष में होना अनिवार्य है। (वित्तीय वर्ष– 2018–19 से 2022–23) |
| 5 | Bituminous Work (DBM/BM/BC/SDBC) | 59.00 $M^3$ | विगत पांच वित्तीय वर्ष में से किसी एक वित्तीय वर्ष में होना अनिवार्य है। (वित्तीय वर्ष– 2018–19 से 2022–23) |

(x) संवेदक को किसी भी सरकारी संस्थान/ बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 द्वारा (क) Debar (ख) Blacklisted एवं (ग) विगत एक वित्तीय वर्ष के अन्दर Rescind न होने की सूचना शपथ पत्र के माध्यम से देना अनिवार्य होगा (**प्रपत्र–Annxure-V**)।

(xi) उपरोक्त बिन्दु (ii), (iii), (v) एवं (x) से संबंधित शपथ–पत्र का प्रारूप बेवसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। शपथ पत्र निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि के बाद का होना अनिवार्य होगा।

(xii) निविदा में संलग्न/प्रस्तुत कागजात सत्य एवं सही (True & Correct) का Affidavit संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(xiii) सभी शपथ पत्र पर रू0–25/–(पच्चीस) का Welfare Stamp (The charge for advocate welfare fund has been changed to Rs. 25 from Rs. 15 (Stamp charge for oath letter) otherwise tender will not be valid as per recent government order) अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए।

(xv) पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–6158(S)दिनांक–09.07.2014 द्वारा निर्गत पत्र के कंडिका 5 में निहित SBD आधारित 2.00 करोड़ से उपर की निविदाएँ तकनीकी बीड में सफलता के लिये कंडिका 5.1 प्रथम प्रक्रम एवं 5.2 द्वितीय प्रक्रम लागू रहेगा।

**4.** (i) निविदा में दर, अनुसूचित दर (SOR) से प्रतिशत दर में अधिक/कम अंकित करते हुए अपलोड (UPLOAD) करना होगा। दरों को अंकों के साथ–साथ शब्दों में भी अंकित करना होगा। किसी भी संशय की स्थिति में शब्दों में अंकित दर को मान्यता दी जाएगी।

(ii) माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा CWJC No.-9941/2022 में पारित आदेश सं0–13526, दिनांक–07.07.2023 एवं अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–4439 (E), दिनांक–17.07.2023 के द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के अनुपालन में कार्रवाई की जायेगी।

(iii) अनुसूचित दर से 10% अधिक कम दर उद्धृत करने वाले निविदाकारों को पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–447(S) एवं 448(S), दिनांक–16.01.2020 द्वारा निर्गत निर्देश के अनुपालन किया जायेगा।

**5.** (i) निविदा में, अन्तिम रूप में संवेदक का चयन होने के पश्चात्, एकरारनामा करने के पूर्व संवेदक को कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) कार्यालय में निबंधित होने का प्रमाण पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उनके पक्ष में किये गये कार्यावंटन को रद्द कर दिया जायगा। भविष्य में उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा एवं उनका अग्रधन राशि जब्त कर लिया जायेगा।

(ii) आर॰सी॰सी॰ पुल–सह–पहुँच पथ निर्माण से संबंधित यंत्र–संयंत्र, स्टेजिंग एवं शटरिंग के स्वामित्व/Lease पर लेने का साक्ष्य से संबंधित प्रमाण–पत्र (शपथ पत्र के साथ) S.B.D. के **Annexure-I** {Clause-4.5 (B) (a)} अनुसार संलग्न करना होगा। विभागीय पदाधिकारी द्वारा कार्य से संबंधित, यंत्र–संयंत्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

(iii) आर0सी0सी0 पुल–सह–पहुँच पथ निर्माण हेतु आवश्यक Key Personals, उनकी योग्यता तथा अनुभव से संबंधित शपथ पत्र/Undertaking, S.B.D. के **Annexure-I** {Clause-4.5 (B) (b)} अनुसार विहित प्रपत्र में स्वहस्ताक्षरित कर निविदा के साथ संलग्न करना होगा।

(iv) आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान किया जाएगा। इसमें संवेदक का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। विलम्ब से भुगतान होने की स्थिति में किसी प्रकार ब्याज देय नहीं होगा।

(v) संवेदक मूल कागजातों को स्कैन कर अपलोड करने के पूर्व सूचीबद्ध करते हुए क्रम अंकित करेंगे ताकि किसी खास कागजात को क्रमांक संख्या/पृष्ठ संख्या के आधार पर शीघ्र खोजा जा सके। सभी प्रलेख pdf. M.S. Office (compatibility Mode) JPEG, ZIP Format में ही Upload किया जाये अन्य Format में Upload document के Download/Open नहीं होने पर कोई दावा मान्य नहीं होगा।

(vi) बिहार भवन एवं सन्निमार्ग कर्मकार बोर्ड के मद में संवेदक के प्रत्येक विपत्र से 1% (एक प्रतिशत) राशि लेवर सेस के रूप में देय होगी जो विपत्र से काट ली जायेगी।

(vii) तकनीकी बीड में कई सफल निविदादाताओं का समान न्यूनतम निविदित दर की स्थिति में सफल निविदादाता का चयन बिहार लोक निर्माण विभाग संहिता के अनुरूप लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।

(viii) बिहार सरकार द्वारा समय–समय पर दिये गये निदेश के तहत जी0एस0टी0/स्वामित्व/मालिकाना फीस की कटौती किया जायेगा।

(ix) तकनीकी बीड में एक पृथक पृष्ठ (चेकलिस्ट) पर समस्त वांछित सूचनाओं यथा अग्रधन, कार्य संबंधी अर्हता, कार्य अनुभव, निबंधन आदि को पृष्ठ संख्या के साथ अंकित करते हुए अपलोड (UPLOAD) किया जाना आवश्यक होगा।

**6.** निविदादाता को सलाह दी जाती है कि निविदा देने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें एवं कार्य स्थल की स्थिति तथा अन्य स्थितियों से पूर्ण अवगत हो लें। कार्य आवंटन के पश्चात् कार्य स्थल पर कार्य से संबंधित अन्य कोई भी दावा भविष्य में मान्य नहीं होगा। निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं होने पर एकरारनामा में निहित शर्त्तों के अनुसार कार्रवाई की जायेगी।

**7.** इस कार्य हेतु Defect Liability Period (DLP) 3 years होगा।

**8.** दस्तावेज की मूल प्रति को सक्षम पदाधिकारी, द्वारा मांगने पर प्रस्तुत करना होगा।

**9.** निगम द्वारा अनुमोदित ब्रांड का स्टील अवयव एवं ग्रेड सीमेंट का व्यवहार करना संवेदक द्वारा अनिवार्य होगा।

**10.** ओभर हेड मद के अंतर्गत होने वाले व्यय यथा गुण नियंत्रण, गोदाम निर्माण–सह–स्थल–कार्यालय का निर्माण, बिजली, पानी, परियोजना से संबंधित विभागीय अभियंताओं के लिए पर्यवेक्षण हेतु चालक एवं इंधन सहित (Scorpio/समकक्ष) वाहन एवं एक अदद् कम्प्यूटर Printer के साथ संवेदक द्वारा उपलबध कराया जाएगा।

**11.** अनुमानित राशि घट–बढ़ सकती है तथा कार्य स्थल के अनुसार निरूपण में परिवर्त्तन किया जा सकता है।

**12.** निविदाकारों द्वारा जमा किये गये अग्रधन की राशि पर किसी प्रकार का सूद विभाग द्वारा देय नहीं होगा।

**13.** सशर्त बीड स्वीकार्य नहीं होगा एवं निगम के नियमावली अंतर्गत कार्य सम्पन्न होगा।

**14.** निविदादाता द्वारा फर्जी/गलत अनुभव प्रमाण–पत्र या निविदा से संबंधित अन्य गलत कागजात प्रस्तुत करने या देने पर, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के ठेकेदारी निबंधन नियमावली के तहत कार्रवाई की जायेगी।

**15.** अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए बीड को स्थगित करने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

12/09/2023

वरीय परियोजना अभियंता
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड
कार्य प्रमंडल, कटिहार।